**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंपा।
- उत्तराखण्ड में राज्य कर विभाग की उल्लेखनीय उपलब्धि। राज्य वस्तु एवं सेवाकर संग्रहण में 24 प्रतिशत की वृद्धि।
- लखपति दीदी योजना बनी ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक ताकत। पौड़ी जिले में 33 हजार से अधिक महिलाएं हुईं सशक्त।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

**शिक्षा मंत्री इस्तीफा**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले दस दिनों से छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद उत्पन्न स्थिति से वे व्यथित हैं और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। श्री प्रधान ने कहा कि जंतर–मंतर और पूरे देश में वर्तमान स्थिति का राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ ना उठा सके और किसी भी छात्र का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे, इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंपने का निर्णय लिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन विश्वास और निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा उनके जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे इसके प्रति सदा समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि नीट यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के बाद, सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी और परीक्षा रद्द कर दी। सरकार ने पुनर्परीक्षा की नई तिथि की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगले वर्ष से इस परीक्षा को कंप्यूटर आधारित परीक्षा मोड में आयोजित करने का निर्णय लिया है।

**वस्तु एवं सेवा कर**

प्रदेश में राज्य कर विभाग ने वस्तु एवं सेवाकर– जीएसटी संग्रहण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अप्रैल से जून– 2026 तक पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में राज्य वस्तु एवं सेवाकर– एसजीएसटी संग्रहण में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि गैर–जीएसटी संग्रहण में 12 प्रतिशत और कुल संग्रहण में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु की अध्यक्षता में आज हुई राज्य कर विभाग की बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में जीएसटी संग्रहण, कर अनुपालन, विभागीय कार्यों और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। प्रमुख सचिव ने कर अनुपालन को बढ़ावा देने और विभागीय कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उपलब्ध आंकड़ों और तकनीक का बेहतर उपयोग करने पर जोर दिया।

**जिलाधिकारी निरीक्षण**

अल्मोड़ा जिला अस्पताल में स्थित जन औषधि केंद्र में अनियमितताओं की शिकायत पर जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने आज केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध सभी दवाओं का भौतिक सत्यापन कराया। साथ ही जेनेरिक और अन्य ब्रांडेड दवाओं की अलग–अलग सूची बनाकर उनकी उपलब्धता और खरीद संबंधी अभिलेखों का मिलान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर केंद्र में उपलब्ध सभी दवाओं को जांच पूरी होने तक सील कर दिया गया।

## सिलाई प्रशिक्षण

बागेश्वर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 35 ग्रामीण महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को सिलाई मशीन संचालन, विभिन्न प्रकार के परिधानों की सिलाई और वस्त्र निर्माण से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर जया भाकुनी ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण ले रही गार्गी जोशी ने बताया कि उन्हें सिलाई की नई तकनीकों को सीखने का अवसर मिल रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वह अपना सिलाई कार्य शुरू कर आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं।

## लखपति दीदी

प्रदेश में लखपति दीदी योजना ने महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी, बल्कि आत्मविश्वास, सम्मान और नयी पहचान भी दी है। वहीं, पौड़ी जिले में अब तक 33 हजार 700 से अधिक महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने में सफल रही हैं। महिलाएं आज स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बेकरी, कैफे, डेयरी, किराना, बकरी पालन और बैंक सखी जैसे अनेक क्षेत्रों में सफल उद्यमी बन रही हैं। उनकी सफलता ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नयी मजबूती दे रही है। मुख्यालय स्थित बेकरी में कार्यरत उमा देवी और कुसुम देवी इसकी जीवंत मिसाल हैं। उन्होंने बताया कि पहाड़ में रोजगार के अवसर सीमित हैं, लेकिन लखपति दीदी योजना ने उन्हें अपनी मेहनत के बल पर आगे बढ़ने का अवसर दिया। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को इस अभियान से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी, क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

## जिम कार्बेट जयंती

चम्पावत जिले में प्रसिद्ध प्रकृति प्रेमी और वन्यजीव संरक्षक जिम कॉर्बेट की 151वीं जयंती आज प्रकृति संरक्षण के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर चम्पावत वन प्रभाग क्षेत्र फुंगर में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं, वन पंचायत सरपंचों, वन्य जीव प्रेमियों और स्थानीय लोगो को जिम कॉर्बेट के जीवन, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही प्रकृति और जैव विविधता के संरक्षण के लिए सभी से सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया।